दिन–बुधवार दिनांक– 22/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। संपादक– डॉ. सविता पारीक
अवधिः– 15 मिनट टंकक– कुमार अभिषेक

---

01. अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में विधायी संस्थाओं को और मजबूत बनाने के लिए पांच संकल्पों से जुड़ा प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अररिया जिले को तीन सौ चार करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।

03. बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूरे। राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में हो रहा है कार्यक्रमों का आयोजन।

04. और, पूरा प्रदेश घने कोहरे की चपेट में। राज्य के अधिकतर जिलों में आठवीं तक की कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधियां प्रतिबंधित।

————————————————————————

लोकतांत्रिक मूल्यों को संरक्षित करने तथा विधायी संस्थाओं को और जवाबदेह बनाने के संकल्प के साथ पीठासीन अधिकारियों का पचासीवां अखिल भारतीय सम्मेलन पटना में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में विधायी संस्थाओं को और मजबूत बनाने के लिए पांच संकल्पों से जुड़ा प्रस्ताव स्वीकार किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इन संकल्पों के पूरा होने से भारतीय लोकतंत्र की गरिमा और बढ़ेगी।

———बाइट———

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि एक देश–एक विधान के लिए काम किया जा रहा है। श्री बिरला ने पीठासीन अधिकारियों से अपनी विधानमंडलों में डिबेट को नई तकनीक और कौशल के जरियें भावी पीढ़ी के लिए डिजिटल फॉर्मेट में संरक्षित करने को कहा।

———बाइट———

दो दिवसीय सम्मेलन में देशभर के तेईस विधानमंडलों के इकतालीस पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया।

————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के दौरान अररिया जिले में तीन सौ चार करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से.........

———रिपोर्ट———

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अररिया जिले को चार सौ उनचास विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। श्री कुमार एक सौ उनसठ करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली चार सौ चार योजनाओं का उद्घाटन करेंगे और एक सौ पैंतालीस करोड़ पचास लाख रूपये की पैंतालीस योजनाओं की आधारशिला रखेंगे। वे हांसा, छतिऔना, सुंदरनाथ धाम और मैनापुर का भ्रमण कर विकास योजनाओं का जायजा लेंगे। श्री कुमार का जीविका दीदियों और स्थानीय लोगों के साथ संवाद का भी कार्यक्रम है। बाद में मुख्यमंत्री समाहरणालय स्थित परमान सभागार में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल।

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने आगामी वित्तीय वर्ष, दो हजार पच्चीस–छब्बीस के आम बजट के लिए विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों के साथ पटना में बैठक की। श्री चौधरी ने बैठक में स्वास्थ्य, उद्योग, आईटी, लघु उद्योग, कृषि, कला–संस्कृति और खेल समेत अन्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से बजट के लिए सुझाव लिया। वित्त मंत्री ने बजट निर्माण में आम लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सबका साथ, सबका विकास की अवधारणा पर इस बजट को तैयार किया जा रहा है।

———————————————————————————

केंद्रीय बजट में राज्य की अपेक्षाओं को लेकर बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बीआईए ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को सुझाव भेजा है। बीआईए के अध्यक्ष केपीएस केसरी ने बताया कि राज्य के विकास को गति देने के लिए केंद्र से पचास हजार करोड़ की विशेष वार्षिक सहायता अगले दस सालों तक देने की मांग की गयी है।

———————————————————————————

बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के अथक प्रयासों के एक दशक पूरा होने पर केंद्र सरकार आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की दसवीं वर्षगांठ मना रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सशस्त्र बलों, अर्धसैनिक बलों, दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों, छात्राओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं शामिल होंगी।

हमारे संवाददाता ने बताया कि इस योजना की दसवीं वर्षगांठ पर समारोह अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च तक जारी रहेंगे।

---रिपोर्ट---

इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

पूरा प्रदेश घने कोहरे की चपेट में है। हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में आज सुबह से अत्यधिक घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि कोहरे के कारण उत्तर बिहार के क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे चला गया है। वहीं, अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी का पूर्वानुमान है।

---बाइट---

---

अत्यधिक ठंड को देखते हुए पटना, वैशाली, दरभंगा, भागलपुर, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, शिवहर, सीतामढ़ी और सुपौल जिला प्रशासन ने आठवीं कक्षा तक के सभी स्कूलों में शैक्षणिक गतिविधियों को तेईस जनवरी तक बंद करने के आदेश दिए है। वहीं, गोपालगंज और मुंगेर जिले में आठवीं तक की कक्षाओं में पठन–पाठन चौबीस जनवरी तक प्रतिबंधित रहेगा। मुजफ्फरपुर और सहरसा जिला प्रशासन ने पच्चीस जनवरी तक इन कक्षाओं में शैक्षणिक कार्य पर रोक लगाई है। यह आदेश प्री स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी लागू होगा।

---

पटना उच्च न्यायालय ने बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सत्तरवीं संयुक्त एकीकृत प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार और बीपीएससी से जवाब–तलब किया है। न्यायालय ने चौदह फरवरी तक जवाबी हलफनामा दायर करने का आदेश दिया।

---

बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं को साइबर ठगों से सावधान रहने की अपील की है। कंपनी ने कहा है कि उपभोक्ताओं को मीटर रिचार्ज कराने संबंधी किसी भी झांसे में नहीं आना चाहिए। बिजली कंपनी कभी भी किसी उपभोक्ता को स्मार्ट प्रीपेड मीटर रिचार्ज करने का अनुरोध नहीं करती है। बैलेंस खत्म होने पर बिजली स्वतः कट जाती है और रिचार्ज करते ही सेवा बहाल कर दी जाती है। कंपनी ने मीटर रिचार्ज करने के नाम पर आ रहे फोन कॉल की सूचना स्थानीय कार्यालय को देने की अपील की है।

———————————————————————

राज्य सरकार ने विमान चालक सह उत्तरदायी प्रबंधक, वायुयान संगठन के पद पर तैनात कैप्टन परिमल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान लगातार अनुपस्थित रहने के कारण ये कार्रवाई की गयी है। कैप्टन परिमल के खिलाफ अलग से विभागीय कार्रवाई चलाने का भी निर्णय लिया गया है।

———————————————————————

मद्य निषेध विभाग के पालीगंज ग्रुप सेंटर में तैनात दो सिपाहियों कुंदन कुमार और सूरज कुमार को निलंबित कर दिया गया है। अनुशासनहीनता और ग्रुप सेंटर का माहौल खराब करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के लौरिया थाना के मठिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई छह लोगों की मौत मामले की जांच के लिए गठित समिति ने अपनी रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंप दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि किसी की भी मौत शराब पीने से नहीं हुई। सभी मौत के पीछे अलग–अलग कारण सामने आये हैं।

———————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने पोंजी कंपनी महुआ ग्रुप के संचालक जवाहर लाल साह को मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार कर लिया है। जांच एजेंसी ने उसके पटना, दिल्ली और दार्जिलिंग स्थित चार ठिकानों पर छापेमारी भी की है। इस दौरान कई कागजात और तकनीकी उपकरण बरामद किये गये। कंपनी पर निवेशकों का एक सौ करोड़ रूपये लेकर भागने का आरोप है।

———————————————————————————

पटना की विशेष निगरानी अदालत ने रिश्वतखोरी के मामले में दोषी अमीन राजाराम सिंह को तीन वर्ष कारावास और एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

बक्सर की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में तीन सगे भाइयों उमाशंकर पांडेय, बिक्रम पांडेय और अजय पांडेय को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

गोपालगंज के हथुआ अनुमंडल अस्पताल परिसर से सटी चहारदीवारी के गिर जाने से दो लोगों की दबकर मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

———————————————————————————

किऊल स्टेशन के पास गया–हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन की जनरल बोगी में अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने भूमि विवाद को हत्या का कारण बताया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** लिखता है – पीठासीन पदाधिकारी के सम्मेलन में लोकसभा अध्यक्ष ने पेश की वन नेशन वन लेजिस्लेटिव की अवधारणा।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है – राज्य के शहरी क्षेत्र में छब्बीस हजार स्वयं सहायता समूह बने।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – अमरिका में जन्म आधारित नागरिकता खत्म, अवैध प्रवासियों की एंट्री पर बैन।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – छत्तीसगढ़ ओड़ीशा सीमा पर मिली बड़ी सफलता, एक हजार जवानों ने घेरा बीस किलोमीटर जंगल, सत्ताईस नक्सली ढेर।

**राष्ट्रीय सहारा** ने सेबी प्रमुख माधवी पुरी भुज के हवाले से लिखा है– अब आईपीओ से मिले शेयर तुरंत बेच सकेंगे निवेशक।

**आज अखबार** ने जीतन राम मांझी के हवाले से लिखा है – लगता है कि कैबिनेट हमको छोड़ना पड़ेगा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में विधायी संस्थाओं को और मजबूत बनाने के लिए पांच संकल्पों से जुड़ा प्रस्ताव स्वीकार किया गया।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अररिया जिले को तीन सौ चार करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात।

03. बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूरे। राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में हो रहा है कार्यक्रमों का आयोजन।

04. और, पूरा प्रदेश घने कोहरे की चपेट में। राज्य के अधिकतर जिलों में आठवीं तक की कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधियां प्रतिबंधित।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।